संक्षिप्त

रामलीला में लंका दहन की लीला का प्रभावी मंचन हुआ

खाटूश्यामजी । श्री राम कला मण्डल संस्थान द्वारा आयोजित ग्यारह दिवसीय रामलीला में बुधवार रात्रि लंका दहन व विभीषण शरणागति की लीला का मंचन किया गया। संस्थान के मंत्री राजेन्द्र सरोज ने बताया कि लीला में जामवंत द्वारा हनुमान जी को शक्ति याद दिलाते ही बजरंग बली अपने विकराल रूप में जामवंत क्या कहते हो,जाकर सागर को लांघू मैं,पहले लंकेश्वर को मारू या लंका उलटी कर दूं मैं,के साथ सौ योजन का समुद्र पार कर लंका में प्रवेश करना, विभिषण से भेंट,रावण से हनुमानजी का संवाद रोचक रहा।लंका में अशोक वाटिका को उजाड़ने व लंका दहन की लीला का भक्तों ने खूब आनन्द लिया। रामलीला में हनुमान जी का किरदार स्थानीय कलाकार मुकेश रामूका ने किया। रामलीला के दौरान गोविंद मुकूट वाला के रवि कुमार मथुरा वाले, सुरेश हरनाथका तथा नरेंद्र मीणा का श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर व प्रतिक चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया।

रामलीला मंचन कार्यक्रम

बौंली-बामनवास । अनुज सूता भगिनी सूत नारी, सुनसठ कन्या संमचारी। इनहीं कुदृष्टि बिलोकहीं जोही ताहि बधे कछु पापनहोही। है बाली छोटे भाई की पत्नी, पुत्री, बहन एवं पुत्र की भार्या यह चारों अपनी पुत्री के समान होती है इन्हें जो कुदृष्टि देखता है उस दुष्ट का वध करने में भी कोई पाप नहीं है। सप्तम दिवस नगर पालिका मुख्यालय बौंली पर आयोजित श्री राम कला मंडल द्वारा रामलीला मंचन कार्यक्रम में बाली वध, रावण सीता संवाद लीला का बहुत ही सुंदर संवादों में प्रस्तुत किया गया जिसे देखकर उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। सर्वप्रथम पवनसुत हनुमान जी का भगवान श्री राम से मिलान, उसके बाद सुग्रीव मित्रता एवं बाली वध के बाद हनुमान जी का लंका में प्रवेश एवं रावण का अपनी पत्नी मंदोदरी के साथ जाकर सीता माता को अपने पक्ष में करने के लिए शाम, दाम, दंड भेद की नीति अपनाना एवं मातेश्वरी द्वारा रावण का तिरस्कार करने की लीला दिखाई।

रामलीला में दशरथ मरण

सावरदा । सावरदा के सदर बाजार में स्थित जुगल महाराज के मंदिर के सामने श्री रामलीला मंडल सावरदा के तत्वावधान में जारी रामलीला में सातवे दिन राम को वनवास जाते ही राजा दशरथ व्यथित हो गए । तथा सुमंत के अकेले अयोध्या लौटने पर राम वियोग में अपने प्राण त्याग दिए , राजा दशरथ के बैकुण्ठ वास के बाद राजगद्दी खाली हो जाने पर भरत को ननिहाल से बुलाकर राज कार्य देखने की बात कही गई । परन्तु अपनी माता को बुरा भला कहते हुए भरत भी अपने भ्राता राम को मनाने वन गमन के लिए रवाना हो गए।

कॉलोनी वासियों ने किया स्वागत

गोविंदगढ़ । आज हनुमान कॉलोनी वासीयो ने ने गोपाल सिंह सोलंकी जार पत्रकार संगठन के जिला उपाध्यक्ष बनने पर भव्य स्वागत किया अनेक जगह किया स्वागत स्वागत में रामगढ़ के भाजपा नेता जय आहूजा भी पहुंचे रामहेत राणा हनुमान कॉलोनी ने किया स्वागत उधर वेद बंसीलालओड वे आचार्य ने भी सोलंकी का किया स्वागत स्वागत में गोविन्द गौतम पत्रकार मीडिया प्रभारी गोविंदगढ़ मंडल ,सिब्बी सैनी, वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकांत जैन, वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र, स्वामीसोनू कुमार पत्रकार ,राजकुमार शर्मा, प्रकाश चंद शर्मा ,शिवलाल सैनी , जितेंद्र सिंह राजपूत, सुनील राणा ,दुली सिंह सरदार ,श्यामलाल शर्मा श्यामू शर्मा एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे गोपाल सोलंकी ने सबको धन्यवाद दिया आपका बहुत-बहुत आभार जो आपने हमारा सम्मान किया

कॉलोनी वासियों ने किया स्वागत

अलवर। गोविंदगढ़ में हनुमान कॉलोनी वासीयो ने ने गोपाल सिंह सोलंकी जार पत्रकार संगठन के जिला उपाध्यक्ष बनने पर भव्य स्वागत किया अनेक जगह किया स्वागत स्वागत में रामगढ़ के भाजपा नेता जय आहूजा भी पहुंचे रामहेत राणा हनुमान कॉलोनी ने किया स्वागत उधर वेद बंसीलालओड वे आचार्य ने भी सोलंकी का किया स्वागत स्वागत में वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकांत जैन वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र स्वामीसोनू कुमार पत्रकार गोविंदा गौतम पत्रकार राजकुमार शर्मा प्रकाश चंद शर्मा शिवलाल सैनी जितेंद्र सिंह राजपूत सुनील राणा दुली सिंह सरदार श्यामलाल शर्मा श्यामू शर्मा एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

गैस रिसाव की परिस्थितियों से निपटने के लिए आयोजित किया मोक ड्रील प्रशिक्षण

अलवर । राजस्थान आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा आपदा प्रबंधन के तहत गैस रिसाव (केमिकल डिजास्टर) की परिस्थितियों से निपटने के लिए गुरूवार को एमआईए स्थित लॉर्ड्स क्लोरो अल्कली लिमिटेड में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ सहित राहत एवं बचाव से जुडे अन्य सुरक्षाकर्मियों का मोक ड्रील का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर एवं इंसीडेंट मजिस्ट्रेट श्रीमती बीना महावर के निर्देशन में मॉक ड्रील के तहत किए गए बचाव एवं राहत कार्य संपादित किए गए। अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर ने बताया कि जिला कलक्टर के मार्गदर्शन में आज आपातकालीन परिस्थितियों में गैस रिसाव की समस्या से निपटने के लिए मोक ड्रील का आयोजन किया गया जिसके तहत एमआईए स्थित लॉर्ड्स क्लोरो एलक्लीज कम्पनी लि. में क्लोरीन स्टोरेज टैंक से गैस के रिसाव की सूचना प्राप्त हुई जिसमें कम्पनी के 30 कार्मिक बेहोश हो गए। सूचना प्राप्त होते ही कंट्रोल रूम से संबंधित राहत दलों एवं अधिकारी को त्वरित सूचना प्रसारित की गई। जिसकी सूचना मिलने पर स्थानीय थाना पुलिस, अग्निशमन दल, चिकित्सा दल, सिविल डिफेन्स, स्काउट व गाइड, एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ के दलों ने तुरन्त मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य प्रारम्भ किया। गैस लीकेज के दौरान काम में आने वाले मास्क एवं विशेष ड्रेस पहनकर राहत एवं बचाव कार्य को अंजाम दिया गया। मोक ड्रील के दौरान एनडीआरएफ 6वीं बटालियन गुजरात से आए ऑफिसर इंचार्ज बाबूलाल यादव ने गैस रिसाव से होने वाली क्षति के तहत आपातकालीन अलार्म का उपयोग, राहत कार्यों का प्रदर्शन एवं रखी जाने वाली विशेष सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि इस दौरान सीबीआरएन से बचाव संबंधित उपकरणों एवं भिन्न-भिन्न प्रकार के तरीकों एलसीएएल में फंस रहे लोगों को बचाने का प्रदर्शन किया गया जिसमें लीकेज अरेस्ट करने, रेस्क्यू करने विभिन्न तकनीक तथा उपकरणों आदि से निकलने की तकनीकी जानकारी दी गई।

सुरक्षाकर्मियों का मोक ड्रील का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

गौवंश संरक्षण व गौवंश गोद देने पर चर्चा

श्रीमाधोपुर। पशुपालन व गोपालन के निर्देशानुसार शहर, गांवों में सड़कों पर घूम रहे निराश्रित - बेसहारा गौवंश को गोशालाओं में आश्रय देने के लिए श्री कृष्ण गोशाला अजीतगढ परिसर में गोशाला प्रबंधन ने बजरंग दल, गौ रक्षक दल समेत विभिन्न गौ भक्तों की संयुक्त बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य तौर पर शहर में निराश्रित - बेसहारा गौवंश के संरक्षण तथा गौवंश को गोद देने पर चर्चा हुई। जानकारी मुताबिक बैठक में गौभक्तों ने बताया कि अजीतगढ़ शहर में सड़कों पर काफी गौवंश निराश्रित - बेसहारा घूम रहा है, जो प्लास्टिक की थैलियां, कचरा खाने से बीमार होकर मर रहा है। गोशाला प्रबंधन ने बताया कि पशुपालन विभाग उप निदेशक डॉ. रणजीत मेहरानिया के निर्देशों के मुताबिक वर्तमान गोशाला के गौवंश का 10 फीसदी गौवंश निराश्रित गौवंश को लेकर करेंगे। प्रबंधन अध्यक्ष ने चैतन्य मीणा ने बताया कि इस 10 फीसदी के अतिरिक्त भी निराश्रित गौवंश को गोशाला के उपलब्ध संसाधनों के मुताबिक प्रवेश देकर आश्रय देंगे।

लापरवाही से प्रश्नपत्र निर्माण करने वाले विषय विशेषज्ञ ब्लैक लिस्टेड

शाहपुरा। शाहपुरा से कांग्रेस विधायक मनीष यादव ने 16 वीं विधानसभा के द्वितीय सत्र में विधानसभा कार्य संचालन एवं प्रक्रिया के नियम 295 विशेष उल्लेख प्रस्ताव के माध्यम से प्रदेश में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित की जाने वाली भर्ती परीक्षाओं के संपन्न होने के उपरान्त बड़ी संख्या में प्रश्न डिलीट किये जाने का मुद्दा विधानसभा में सदन के समक्ष उठाकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया था।

विधायक यादव ने कहा कि था भर्ती परीक्षाओं में प्रश्न डिलीट किये जाने से लाखों युवाओं का भविष्य का प्रभावित होता है। भर्ती परीक्षा का एक-एक प्रश्न किसी योग्य युवा के बेहतर भविष्य का द्वारा खोलता है, सही प्रश्न पत्र निर्माण के अभाव में प्रश्न डिलीट करने से योग्य प्रतिभागियों के सपनों पर कुठाराघात होता है। विधायक यादव ने कहा था कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा पिछलें 3 साल में 78 भर्ती परीक्षाएं आयोजित की गई है जिनमें कुल 10204 प्रश्न पूछें गये है, जिनमें से 215 प्रश्नों को विलोपित किया गया है तथा 163 प्रश्नों के उत्तर अंतिम उतर कुंजी में बदलें/संसोधन किये गये है। विधायक ने कहा कि डिलीट किये गए प्रश्न 2.10 फीसदी है, जो कि बहुत ही गंभीर विषय है। जिस पर सरकार को ठोस कार्यवाही किये जाने की जरूरत है। विधायक यादव के प्रस्ताव पर बोर्ड ने संज्ञान लेकर कनिष्ठ लेखाकर एंव तहसील राजस्व लेखाकर भर्ती परीक्षा 2023 के पेपर बनाने वाले विषय विशेषज्ञों एवं मॉडरेटर को आगामी भर्ती परीक्षाओं के लिए ब्लैक लिस्ट किया है। भर्ती परीक्षा के पेपर सेटर के विरूद्ध वित्तीय पेनल्टी लगाने की कार्यवाही की है जिसे लंबित बिलों में से वसूल किया जाएगा। बोर्ड निरंतर भर्ती परीक्षाओं में पूछें जाने वालें प्रश्नों के उतर विलोपित अथवा संशोधित करने में कमी लानें के लिए प्रयासरत है।

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने कहा कि बोर्ड द्वारा पिछले तीन वर्षो में कुल 78 परीक्षाएं आयोजित की गई है। जिनमें कुल 10204 (दस हजार दौ सौ चार) प्रश्न पूछे गये है, तथा इन भर्ती परीक्षाओं में कुल 215 प्रश्नों को विलोपित किया गया है जबकि 163 प्रश्नों के उत्तर अंतिम उत्तर कुंजी मे बदले (संशोधन) किये गए है। बोर्ड ने जवाब दिया कि कनिष्ठ लेखाकार एवं राजस्व लेखाकार संयुक्त सीधी भर्ती. 2023 के प्रथम व द्वितीय प्रश्न पत्र में कुल 300 प्रश्न पूछे गये थे। जिनमें से 23 प्रश्न विषय विशेषज्ञों की अभिशंषा पर विलोपित किए गए है।

'रामलीला प्राचीन परंपरा है जो मर्यादा संस्कृति व संस्कार की पाठशाला'

पावटा। आदर्श रामलीला मंडल पावटा द्वारा आयोजित रामलीला समारोह में बुधवार को लक्ष्मण शक्ति लीला का मंचन किया गया। रामलीला मंचन में बुधवार को कलाकारों लक्ष्मण-मेघनाद संवाद, कालनेमि की माया, लक्ष्मण को शक्ति बाण लगने, हनुमान जी का भरत से मिलन, हनुमान जी की उडान का आकर्षक मंचन किया। मंचन के प्रथम दृश्य में प्रभु श्रीराम वानर सेना के साथ लंका पर आक्रमण की योजना बनाते, युद्ध शुरू होते रावण के एक से बढकर एक पराक्रमी योद्धा धराशायी होते जाते हैं। सारे योद्धा के मारे जाने के बाद रावण की तरफ से मेघनाद युद्ध के लिए आता है, मेघनाद की पहली मुलाकात हनुमान जी के साथ होती है। मेघनाद व लक्ष्मण एवं हनुमान जी के संवाद का कलाकारों ने बखूबी मंचन किया। इसके बाद लक्ष्मण व मेघनाद में भयंकर युद्ध होता है। युद्ध का बैठे दर्शकों ने खूब आनंद लिया एवं तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन भी किया। मेघनाद, लक्ष्मण पर शक्ति बाण का प्रयोग करता है, फलस्वरूप लक्ष्मण मूर्छित होकर जमीन पर गिर जाते हैं। लक्ष्मण पर शक्ति का प्रयोग होने से राम दल में हाहाकार मच गया। कलाकारों के मंचन से दर्शक भाव विभोर हो गए व आँखों से अश्रु धारा बह चली। सुखेन वैद्य(महेश पारिक) को हनुमानजी (रामशरण बोहरा) रामा दल में लेकर आए और सुखेन वैद्य के बताए अनुसार सूर्योदय से पूर्व संजीवनी लाने की बात कही। हनुमानजी संजीवनी लेकर रामा दल में पहुंचे।

संजीवनी से लक्ष्मण की मूर्छा खुलने से रामा दल में खुशी की लहर छा गई। इस दौरान आदर्श रामलीला मंडल पावटा द्वारा विधायक कुलदीप धनकड, उपखंड अधिकारी पावटा कपिल उपाध्याय, तहसीलदार संजय, चेयरमेन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, सामाजिक कार्यकर्ता कन्हैयालाल मीणा सहित आगंतुक अतिथियों का दुपट्टा व राम दरबार की फोटो प्रतिक चिन्ह के रूप मे भेट कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक कुलदीप धनकड ने रामलीला को प्राचीन परंपरा बताते हुए कहा की मर्यादा संस्कृति व संस्कार की पाठशाला है। इसका अनुसरण कर समाज मे व्यापत कई सामाजिक बुराइयों का जहां अंत किया जा सकता है। वही भूल रहे हैं मर्यादा, संस्कार व संस्कृति को हम पुन-स्थापित कर सकते है। उन्होंने कहाँ की मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने जिस तरह अपना जीवन दिया था ठीक उसी प्रकार हमें भी ऐसा ही जीवन जीने की जरूरत है। वहीं उन्होंने आदर्श रामलीला मंडल पावटा के पदाधिकारियों व सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि रामचंद्र के आदर्शो पर हम सभी लोगों को चलकर एक अच्छे कार्य के लिए साथ देने को कहा।

रामलीला समारोह में लक्ष्मण शक्ति लीला का मंचन किया गया।

'यदि मोदी रहा तो देश बर्बाद हो जाएगा' बयान पर हाईकोर्ट ने कांग्रेस प्रभारी रंधावा को नोटिस जारी किया

जयपुर/कोटा (कासं)। प्रदेश से कांग्रेस सरकार जाने के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी और पंजाब से सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। राजस्थान हाईकोर्ट ने पीएम नरेंद्र के खिलाफ बयानबाजी करने से जुड़े मामले में राज्य सरकार और कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा से जवाब मांगा है। जस्टिस नरेंद्र सिंह ने यह आदेश शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की आपराधिक की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता डॉ. महेश शर्मा ने बताया कि 13 मार्च 2023 को कांग्रेस पार्टी का जयपुर में अडानी समूह को लेकर प्रदर्शन था। इस दौरान सुखजिंदर सिंह रंधावा ने भाषण दिया कि "अडानी को हटाने से कुछ नहीं होगा मोदी को खत्म करो, यदि वह खत्म होगा तो देश बचेगा और यदि मोदी रहा तो देश बर्बाद हो जाएगा"। रंधावा ने अपने भाषण से भीड़ को प्रेरित किया कि वह प्रधानमंत्री की हत्या कर दे। इसे लेकर याचिकाकर्ता तत्कालीन विधायक और वर्तमान मंत्री मदन दिलावर की ओर से कोटा के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-6 के समक्ष परिवाद पेश किया गया था। जिस पर अदालत में 15 मई 2023 को सुनवाई करते हुए महावीर नगर थाना पुलिस को मुकदमा दर्ज कर जांच करने के आदेश दिए थे।

इस आदेश के खिलाफ थानाधिकारी और रंधावा ने एडीजे क्रम 5 अदालत में रिवीजन अर्जी पेश की थी जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए 27 अक्टूबर 2023 को निचली अदालत के आदेश को रद्द कर दिया था। इस आदेश को चुनौती देते हुए कहा गया कि थाना अधिकारी को निचली अदालत के आदेश की पालना करनी चाहिए थी।

उन्हें मामलों के तथ्यों की जांच कर उसे पर अपनी रिपोर्ट देनी थी। इसके बावजूद उन्होंने बिना अधिकार आदेश को अपीलीय अदालत में चुनौती दे दी। जबकि ऐसा करने कि उन्हें कानूनी शक्ति ही नहीं थी। इसके अलावा निचली अदालत का आदेश एक अंतरिम आदेश था।

इस आदेश की रिवीजन करने के बजाय सीधे हाई कोर्ट में याचिका पेश होनी चाहिए थी। इसलिए एडीजे कोर्ट के आदेश को रद्द किया जाए जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने राज्य सरकार और रंधावा से जवाब मांगा है। यह जवाब चार हफ्ते के अंदर पेश करना होगा।

- **राजस्थान हाईकोर्ट ने पीएम नरेंद्र के खिलाफ बयानबाजी करने से जुड़े मामले में राज्य सरकार और कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा से जवाब मांगा**

पी.एम. सूर्य घर योजना की ओर बढ़ा रूझान

कोटपूतली। घरों को मुफ्त बिजली उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से शुरू की गई पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आमजन के लिए राहत की किरण बनकर आई है। योजना के तहत छत पर सोलर पैनल लगवाने पर उपभोक्ता को 78 हजार रुपए तक सब्सिडी देय है। योजना के प्रति रूझान निरन्तर बढ़ रहा है। विद्युत विभाग के एसई मनोज गुप्ता ने बताया कि जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार जिले में अब तक बड़ी संख्या में आवेदकों ने घरों की छत पर सोलर पेनल लगवाने के लिए आवेदन किया है।

योजना के फायदों से घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं के रूझान का परिणाम है कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में निरन्तर आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक योजना के तहत पोर्टल पर 8798 आवेदन किये गये हैं। इनमें से 1835 आवेदकों ने वेण्डर (संवेदक) का चयन कर लिया है। इनमें से 51 आवेदकों के कनेक्शन भी जारी कर दिये गये हैं। अब तक 153 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल स्थापित किये जा चुके हैं। योजना अंतर्गत सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में सब्सिडी का भुगतान किया जा रहा है। इसके लिए एक राष्ट्रीय ऑनलाइन पोर्टल बनाया गया है, जिसमें सभी तरह की सुविधाओं को इंटीग्रेट किया गया है। योजना में किसी भी तरह का लॉटरी सिस्टम नहीं है। विद्युत उपभोक्ता आवेदन कर लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवासीय छत पर सौर पैनल लगाने के लिए सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 40 फीसदी सब्सिडी के लिए आवेदन किया जा सकता है। प्रत्येक परिवार को मुफ्त बिजली के तहत प्रति माह 300 यूनिट तक दिए जाने का लक्ष्य है। योजना अंतर्गत 2 किलोवॉट और 150 यूनिट तक खर्च के लिए 30 से 60 हजार, 3 किलोवाट और 150 से 300 यूनिट खर्च के लिए 78 हजार और 3 किलोवॉट या इससे अधिक के लिए कुल सब्सिडी 78 हजार रुपए का ही भुगतान किया जाएगा।

'डबल इंजन की सरकार हर वर्ग के लोगों के विकास के लिए कृत संकल्पित'

टोंक। प्रदेश के ऊर्जा एवं टोंक जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर गुरुवार को उनियारा उपखंड के दौरे पर रहे। जहां उन्होंने ग्राम पंचायत रूपवास, बनेठा, रूपपुरा और सुरेली में जिला परिषद मद से 1 करोड़ 18 लाख की राशि से स्वीकृत कुल 23 विविध विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर आमजन को सौगात दी।

साथ ही, जनसुनवाई कर ग्रामीणों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याएं सुनकर अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला प्रमुख सरोज बंसल, सीईओ परशुराम धानका, एसडीओ उनियारा शत्रुधन गुर्जर, पूर्व जिला परिषद सदस्य नरेश बंसल समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार हर वर्ग के लोगों के विकास के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि देश में मजदूर, किसान, युवा और महिलाओं के उत्थान को केंद्र में रखकर योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है, इसलिए देवली-उनियारा क्षेत्र के विकास में भी केंद्र व राज्य सरकार कोई कमी नहीं छोड़ेगी।

1 करोड़ 18 लाख रुपये से अधिक की राशि के विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण एवं शिलान्यास- इस अवसर पर जिला प्रमुख सरोज बंसल ने बताया कि कार्यक्रम में पंचायती राज विभाग के तहत जिला परिषद टोंक द्वारा 1 करोड़ 18 लाख रुपये से अधिक की राशि के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत रूपपुरा में कुल 10 विकास कार्यों पर 18 लाख रुपये की राशि व्यय की गई। इसी तरह ग्राम पंचायत बनेठा में 29 लाख, ग्राम पंचायत रूपपुरा में 19 लाख एवं ग्राम पंचायत सुरेली में 52 लाख रुपये की विकास कार्य कराए गए। जिनमें विद्यालय में कक्षा-कक्षा का निर्माण, सार्वजनिक पार्क की चारदीवारी, सीसी रोड़ मय नाली निर्माण, सुरक्षा दीवार, हैंडपंप एवं ट्यूबवेल कार्य, सामुदायिक भवन मय वाचनालय निर्माण, यात्री प्रतिक्षालय समेत अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया।

प्रदेश के ऊर्जा एवं टोंक जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

स्टेकहोल्डर्स कॉन्कलेव का आयोजन आज

जयपुर । विश्व मानक दिवस के उपक्ष्य में भारतीय मानक ब्यूरो राजस्थान के तत्वावधान में ग्यारह अक्टूबर को सुबह साढ़े दस बजे से 'द फर्न अलवर' अलवर सरिस्का में एक स्टेकहोल्डर्स कॉन्कलेव का आयोजन किया जायेगा। विश्व मानक दिवस प्रतिवर्ष 14 अक्टूबर को उन विशेषज्ञों को सम्मानित करने के लिए वैश्विक रुप से मनाया जाता है । जो स्वैच्छिक अर्न्तराष्ट्रीय मानको को विकसित करते है। भारतीय मानक ब्यूरो के उपनिदेशक उदित अग्रवाल ने कहा इस वर्ष का विषय बेहतर दुनिया के लिए साझा दृष्टि एसडीजी 9 (उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचा) का समावेश मजबूत बुनियादी ढांचे का निर्माण, समावेशी व सतत औद्योगिकीकरण को बढावा देना, और नवाचार को प्रोत्साहित करने पर केन्द्रित है। स्टेकहोल्डर्स कॉन्कलेव के उदघाटन समारोह में राजेन्द्र सिंह मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित होंगे। यह कार्यक्रम कनिका कालिया, निदेशक और प्रमुख भारतीय मानक ब्यूरो, राजस्थान के मार्गदर्शन और विशिष्ट उपस्थिति में आयोजित किया।

सार-समाचार

उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई का हुआ आयोजन

कोटपूतली। स्थानीय पंचायत समिति सभागार में गुरूवार को उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन एसडीएम बृजेश चौधरी की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर एसडीएम ने बिजली, पेयजल, सडक समाज कल्याण पेंशन समेत विभिन्न समस्यायें सुनते हुये मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिये। वहीं अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एड. दयाराम गुर्जर के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने ज्ञापन सौंपकर आजाद चौक स्थित कचहरी परिसर में सुलभ कॉम्पलैक्स का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू करवाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि इस बाबत 30 लाख रूपयों की राशि स्वीकृत हो चुकी है। कचहरी परिसर में उपखण्ड कार्यालय, सहायक कलक्टर कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय, सब रजिस्ट्रार कार्यालय, उप कोषाधिकारी कार्यालय, डीएसपी कार्यालय सहित विभिन्न पटवारियों के कार्यालय स्थित है। जहाँ शौचालय आदि सुविधाओं के ना होने से अधिवक्ताओं व पक्षकारों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। एसडीएम चौधरी ने जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू किये जाने का आश्वासन दिया। जनसुनवाई में अन्य प्रकरणों का निस्तारण भी किया गया। इस मौके पर तहसीलदार रामधन गुर्जर, बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर व पीएचईडी एईएन हंसराज गुर्जर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

अधिकारियों को सरकार के आदेश की पालना करने की सख्त हिदायत

सांभरझील । शासन तंत्र के सभी स्तरों पर पारदर्शिता लाने, जबावदेही /जनसहभागिता सुनिश्चित किये जाने तथा लोकसेवकों की सरल व त्वरित उपलब्धता हेतु राज्य सरकार के आदेश की पालना सुनिश्चित किए जाने हेतु मुख्य सचिव सुधांश पंत की ओर से आदेश जारी किया गया है। इसके तहत अब समस्त अधिकारी आमजन से मिलने के लिए प्रति कार्य दिवस में न्यूनतम 1 घण्टे का समय निर्धारित करेंगे तथा इस बाबत् एक सूचना पट्ट अपने कार्यस्थल के बाहर नेमप्लेट के नीचे लगवाना आवश्यक होगा। यदि किसी आपातकालीन/अति आवश्यक स्थिति में अधिकारी के लिए निर्धारित समय में मिलने हेतु उपस्थित रहना सम्भव नहीं हो तो उस दिन आमजन के लिए वे अपने द्वितीय अधिकारी को नामित करना होगा। साथ ही स्पष्ट सूचना अपने कार्यालय के बाहर प्रदर्शित करना भी होगा ताकि आमजन को कोई असुविधा न हो। मुख्य सचिव ने जारी आदेश में बताया कि किसी आम नागरिक को उपखण्ड स्तर के कार्य के लिए जिला व राज्य स्तर एवं जिला स्तर के कार्य के लिए राज्य स्तर पर न आना पड़े। यह सुनिश्चित लाइसेंस नवीनीकरण प्रमाण पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र जैसे कार्यों के समयबद्ध निष्पादन की नियमित समीक्षा होनी तथा निर्धारित समयावधि से ज्यादा कोई भी प्रकरण अकारण लंबित नहीं रखने की भी निर्देश दिए हैं।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू करवाने को लेकर सौंपा जाएगा ज्ञापन

मनोहरपुर । शहर के वाल्मीकि समाज द्वारा दिनांक 9 अक्टूबर 2024 को मीटिंग का आयोजन किया गया।यह मीटिंग दामोदर वाल्मीकि की अध्यक्षता में गठवाडी तहसील जमवारामगढ़ मे वाल्मीकि समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद में की गई। जानकारी अनुसार 15 दिनांक 15 अक्टूबर समय 10:00 बजे सर्वोच्च न्यायालय की साथ न्यायाधीशों की पीठ द्वारा 6 से 1 से अनुसूचित जातियों के उप वर्गीकरण का फैसला दिया गया था जो की राजस्थान सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू करवाने के लिए मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के मार्फत जिला कलेक्टर के वाल्मीकि समाज द्वारा ज्ञापन दिया जाएगा। इस दौरान निखिल वाल्मीकि ने बताया कि वाल्मीकि समाज द्वारा हर गांव गांव शहर में प्रचार प्रसार किया जा रहा है और उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को आने के लिए अपील भी की है।

तीन मैग्जीन व दो बाईक जप्त

कोटपूतली। कस्बे के निकटवर्ती पनियाला थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये दो अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियारों सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। एसएचओ मोहर सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि बुधवार रात्रि नाकाबंदी के दौरान ग्राम बखराना के पास से अभियुक्त विकास (20) पुत्र रामविलास यादव निवासी ग्राम चुरी थाना सरूण्ड को एक देशी पिस्टल व दो मैग्जीन सहित गिरफ्तार कर एक बाईक को जप्त किया है। इसी प्रकार बखराना से बुढवाल के रास्ते पर अभियुक्त देवेन्द्र (24) पुत्र मनोहर लाल यादव निवासी ग्राम बखराना को गिरफ्तार कर एक देशी पिस्टल, एक मैग्जीन व एक बाईक को जप्त किया है।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन

कोटपूतली। स्थानीय राजपूताना पी.जी. कॉलेज में गुरूवार को भारत के प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान रतन टाटा के चित्र पर द्वीप प्रज्जवलित कर एवं पुष्पाजंलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। बी.एड. कॉलेज प्राचार्य अरूण चौधरी ने कहा कि उद्योगपति व प्रेरणादायक व्यक्तित्व के धनी रतन टाटा का निधन राष्ट्र और वैश्विक समुदाय के लिए अपूरणीय क्षति है। उपप्राचार्य उमराव लाल ने टाटा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी सादगी व नेतृत्व और दूरदर्शिता सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनी रहेगी। निदेशक महेन्द्र चौधरी व प्राचार्य डॉ. एच.एन. धोलीवाल ने भी रतन टाटा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। इस दौरान सहायक प्रोफेसर एस.के.शर्मा, नीरू सैनी, ताराचन्द सैनी, सुरेश रिवालियां, पुनित नागर, राधेश्याम मोरवाल, मनीष मीणा, मिथलेश गुर्जर, भावना जोशी, संतोष सैनी, अशोक कुमार, अशोक सैनी, लेखाकार केदारनाथ, जयचन्द लहकरा, राजाराम गुर्जर समेत अन्य मौजूद रहे।

छप्पन भोग की झांकी सजाकर लगाया भोग

निवाई। कंकाली माता मन्दिर में शक्ति परिवार एवं जगदम्बा ग्रुप द्वारा सप्तमी नवरात्रा को भजन कीर्तन का सत्संग किया गया। शक्ति परिवार के अध्यक्ष शंकरलाल सोनी ने बताया की शारदीय नवरात्रा सप्तमी को मातारानी के मन्दिर में फूल बंगला एवं छप्पन भोग की झांकी सजाकर भोग लगाया गया। माता के अष्टमी का चूरमा, खीर, मालपुआ का भोग लगाया। भजन महोत्सव में महिला मण्डल की कौशल्या शर्मा द्वारा कंकाली थारी चुनरी चमचम चमके, तेरे द्वार खड़ी हूं अम्मे मां, भजन कीर्तन किया गया। जगदम्बा गुरुप द्वारा आये तेरे दर पर अम्मे मां, महिमा ओढ़ चुनरिया लाल व मातारानी के चरणों में भजनों की प्रस्तुति दी। दीपिका सोनी ने रंग मत डाले रे सांवरिया मारो गूजर मारे रे, ये गोटे दार चुंदरी आजा मां ओढ के, चलो माता ने बुलाया है, सुनीता चौधरी, इन्द्रा